## न्यूज डायरी



### इजरायली पुलिस से हिंसक झड़प में 31 फलस्तीनी घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। यहूदियों और मुसलमानों दोनों के लिए ही संवेदनशील यरुशलम के एक धर्मस्थल के बाहरी गेट पर तैनात इजरायली पुलिस कर्मियों पर फलस्तीनी युवाओं ने शुक्रवार को फिर पत्थरबाजी की। इसके जवाब में दंगारोधी इजरायली पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया। इससे पत्थरबाजी कर रहे 31 से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। इस धर्मस्थल पर एक हफ्ते बाद फिर से हिंसा तब हुई है जब सुरक्षा कारणों से इजरायली श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी है। फलस्तीनी इसे उकसावे की कार्रवाई मान रहे हैं। इजरायली पुलिस का कहना है कि यहूदियों के पूजास्थल श्पश्चिमी दीवारश पर सैकड़ों फलस्तीनियों ने शुक्रवार की सुबह पत्थर और पटाखे फेंकने शुरू कर दिए। पिछले एक हफ्ते से फलस्तीनियों और इजरायली पुलिस के बीच नियमित रूप से हिंसक झड़पें हो रही हैं। इस्लामिक आतंकी संगठन हमास के कब्जे वाले गाटा पट्टी से इजरायली क्षेत्र में तीन राकेट दागे गए हैं।

### एससीओ के सदस्य देशों का जोर अफगानिस्तान में गठित हो समावेशी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की बैठक मास्को में हुई। इस बैठक में अफगानिस्तान में समावेशी सरकार के गठन पर जोर दिया गया। सदस्य देशों ने कहा कि अफगानिस्तान में समावेशी सरकार की तत्काल जरूरत है। इसका गठन जितना जल्दी हो सके किया जाना चाहिए। बता दें कि पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद वहां के हालात बदतर हो गए हैं। पिछले साल भी अफगानिस्तान में समावेशी सरकार के गठन पर जोर दिया गया था। उस वक्त भी एससीओ के सदस्य देशों ने कहा कि युद्धग्रस्त देश में सभी जातीय, धार्मिक और राजनीतिक समूहों के प्रतिनिधियों के साथ एक समावेशी सरकार का होना महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी पिछले साल कहा था कि उन्होंने काबुल में एक समावेशी सरकार के गठन के लिए तालिबान के साथ बातचीत की।

### गर्लफ्रेंड और कॉलगर्ल के साथ जापान गए थे रूसी विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन जंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव चाणक्ध्य की भूमिका निभा रहे हैं। लावरोव के बारे में खुलासा हुआ है कि वह अपनी गर्लफ्रेंड और एक कॉलगर्ल के साथ जापान के आधिकारिक दौरे पर गए थे। बताया जा रहा है कि रूसी विदेश मंत्री के साथ नजर आ रही यह कॉलगर्ल स्ट्रिप क्ध्लब की मालकिन है। इस महिला का नाम इकतेरिना लोबानोवा है। वह अपनी न्यूड तस्वीरों के लिए भी जानी जाती हैं। लावरोव की एक तस्वीर पिछले दिनों वायरल हुई थी और अब चेहरे को पहचान करने वाली तकनीक की मदद से इसका खुलासा हुआ है कि वह महिला बेहद खूबसूरत इकतेरिना लोबानोवा हैं। इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीर में लोबानोवा के साथ रूसी अरबपति ओलेग देरिपास्का भी मौजूद हैं जो 71 साल के रूसी विदेश मंत्री के बेहद करीबी माने जाते हैं।

### भारत के करारे जवाब से खिसियाई विवादित अमेरिकी सांसद इल्हान उमर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दौरे आई अमेरिका की विवादित मुस्लिम सांसद इल्हान अब्दुल्लाही उमर ने कश्मीर को लेकर एक बार फिर से जहर उगला है। इल्हान ने कहा कि अमेरिका में सत्ता के केंद्रों में कश्मीर मामले की उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी की उसको जरूरत थी। उन्ध्होंने कहा कि यह स्थिति बदलेगी और अमेरिकी कांग्रेस में सुनवाई के दौरान इसे उठाया जाएगा। इससे पहले भारत ने इल्ध्हान के पाक अधिकृत कश्मीर जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। इल्हान ने भारत में मुस्लिमों के कथित मानवाधिकार उल्लंघन के मुद्दे पर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं समझती हूं कि पर उतनी ज्यादा चर्चा नहीं हुई है, जितनी उसको जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के बाद यह बदलेगा और कश्मीर पर और ज्ध्यादा चर्चा होगी।

# रूस ने कब्रिस्तान में बदला यूक्रेन का मारियुपोल शहर

**दावा**

## सैटलाइट तस्वीरों में दिखीं बस लाशें ही लाशें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मारियुपोल। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के मारियुपोल शहर पर कब्जे का दावा किया है। पुतिन के जीत के दावे के इतर अमेरिका का कहना है कि अभी तक रूसी सेना यूक्रेन पर पूरी तरह से कब्जा नहीं कर पाई है। इस बीच यूक्रेन के अधिकारियों ने मारियुपोल शहर के ठीक बाहर एक ऐसे स्थान की पहचान की है जहां पर 200 सामूहिक कब्र बनाई गई है। सैटलाइट तस्वीरों में भी ये सामूहिक कब्रे साफ दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि रूस ने मारियुपोल पर कब्जा करते समय 9 हजार आम नागरिकों की हत्या की है और उन्हें इन्हीं सामूहिक कब्रों में दफनाया गया है।

मैक्सर कंपनी की सैटलाइट तस्वीरों में 200 सामूहिक कब्रें दिखाई दी हैं। मैक्सर ने कहा कि इन जगहों के विश्लेषण से पता चला है कि सामूहिक कब्रों को मध्य मार्च में खोदा गया





और लगातार इसे बढ़ाया गया। मारियुपोल के मेयर वदयम बोयचेंको ने आरोप लगाया कि रूसी सेना मानहूश में अपनी सेना के अपराधों को छिपा रही है। मेयर के सलाहकार पेट्रो ने कहा है कि लंबी तलाश के बाद पता चला है कि मानहूश में रूसी सेना ने मारियुपोल में मारे गए लोगों की लाशों को दफन किया है।

**रूसी सेना ने मानहूश में कई सामूहिक कब्रों को खोदाः** पेट्रो ने बताया कि रूसी सेना ने मानहूश में कई सामूहिक कब्रों को खोदा है जो करीब 100 फुट लंबी हैं। यह शहर मारियुपोल के पश्चिम में 19 किमी दूर एक कस्बा है। उन्होंने कहा कि ट्रक लाशों को लेकर गए और सीधे कब्रों में डंप कर दिया। पेट्रो ने कहा, यह युद्धापराध का सीधे साक्ष्य है और उसे छिपाने का प्रयास है। रूसी सैनिक मारियुपोल से लाशों को मानहूश लेकर गए। हमारी समीक्षा से पता चला है कि इन कब्रों का विस्तार 23 से 26 मार्च के बीच हुआ है। उसके बाद भी इसके विस्तार का क्रम जारी रहा।

यूक्रेन के अधिकारियों का दावा है कि मारियुपोल में रूसी सेना की बमबारी से सड़कों पर ही 20 हजार लोग मारे गए हैं। इसमें महिलाएं, बच्ध्चे, बुजुर्ग शामिल हैं। इन लाशों को अब गायब कर दिया गया है। यूक्रेन का अनुमान है कि अभी भी 1 लाख लोग मारियुपोल में बने हुए हैं। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल में अजोवस्टल संयंत्र पर धावा बोलने के बजाय उसे बंद करने का आदेश दिया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से कहा कि यह आदेश तब दिया गया, जब रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने पुतिन को बताया कि रूसी सेना ने संयंत्र के अलावा मारियुपोल को नियंत्रित कर लिया है, जहां यूक्रेनी सैनिक छिपे हुए थे। यूक्रेनी लड़ाके शहर के विशाल इस्पात संयंत्र में शरण लिए हुए हैं।

## इमरान खान ने फिर भारत की तारीफों के बांधे पुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ के पुल बांधे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए है। लेकिन भारत ने रूस से तेल का आयात जारी रखा है। जिसको लेकर इमरान खान ने कहा कि भारत ने यह फैसला देश के लोगों की बेहतरी के लिए किया है।

लाहौर में एक जनसभा में बोलते हुए, इमरान खान ने कहा कि 'भारत, अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है, लोकिन वो रूस से तेल आयात कर रहा है। भारत ने साफ कहा है कि उसका फैसला उनके लोगों की बेहतरी पर आधारित है। लेकिन हमारी विदेश नीति के लिए है अन्य लोगों का हित जरूरी है।' इससे पहले मार्च के महीने में भी इमरान खान ने माना था कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है और लोगों की भलाई के लिए है।

खैबर पख्तूनख्वा में रैली के दौरान, इमरान खान ने कहा कि 'वो अपने पड़ोसी देश की प्रशंसा करते हैं, क्योंकि भारत हमेशा एक स्वतंत्र विदेश नीति का पक्षकार रहा है। इमरान ने कहा कि आज भारत अमेरिकी गठबंधन में है और वो क्वाड देशों का हिस्सा हैं। आज भारत प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल आयात कर रहा है, उनकी नीति लोगों की भलाई के लिए है।



जापान में समुद्री तट पर बहकर आया अति दुर्लभ जीव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान के तट पर 10 फुट लंबा अत्ध्यंत दुर्लभ जिंदा जीव बहकर आ गया। तट पर घूमने पहुंचे लोग इस जीव को देखकर दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि यह दुर्लभ प्रजाति का स्क्विड था। जापानी मीडिया के मुताबिक इस स्क्विड को बुधवार को फूकूई प्रांत के ओबामा में उगू तट पर पाया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह के स्क्विड का जिंदा तट पर बहकर आना अपने आप में असामान्य घटना है। जापानी अखबार मैनिची के मुताबिक इस स्क्विड को अब सकाई शहर में जापान के इचिजेन मत्सूशिमा एक्वेरियम में रखा जाएगा।

## तालिबान और पाकिस्तान के बीच टीटीपी को लेकर तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। अफगानिस्तान के अंदर सीमा पर संघर्ष और पाकिस्तानी हवाई हमलों ने युद्धग्रस्त देश में तालिबान शासन और पाकिस्तान के बीच पहले से ही मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया है। आरएफई आरएल ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान ने 16 अप्रैल को पूर्वी अफगानिस्तान पर हवाई हमले शुरू किए, जिसमें दर्जनों नागरिक मारे गए। इस्लामाबाद ने कहा कि वह तहरीक–ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को निशाना बना रहा है।

हवाई हमलों ने असामान्य रूप से दोनों पक्षों में तनाव को और बढ़ा दिया है। तालिबान ने अपने लंबे समय के सहयोगी के खिलाफ धमकी जारी की। विशेषज्ञों ने कहा कि बढ़ते तनाव की जड़ टीटीपी पर नकेल कसने की तालिबान की अनिच्छा है, जो एक करीबी वैचारिक और संगठनात्मक सहयोगी है।

### दोनों ही पक्षों के बीच करीब 6 घंटे तक गोलाबारी

अफगानिस्तान के अंदर अपने ठिकानों से, चरमपंथी समूह ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद के खिलाफ अपने विद्रोह को तेज कर दिया है। अफगान तालिबान ने इस्लामाबाद और टीटीपी के बीच शांति वार्ता की मध्यस्थता की है, जिसे पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है। लेकिन चूंकि एक महीने तक चलने वाला एक अस्थायी युद्धविराम समाप्त हो गया और दिसंबर में शांति वार्ता विफल हो गई, इसलिए आतंकवादियों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ सीमा पार से अपने हमले बढ़ा दिए हैं। अनुभवी अफगान पत्रकार और टिप्पणीकार सामी यूसुफजई ने कहा, 'पाकिस्तान इस बात से नाराज है कि तालिबान एक पड़ोसी देश के लिए शत्रुतापूर्ण आतंकवादी समूह की मेजबानी कर रहा है।'

यूसुफजई ने कहा कि अफगान तालिबान के इस्लामाबाद की इस मांग के आगे झुकने की संभावना नहीं है कि वह टीटीपी को निष्कासित करे या उसे पाकिस्तान में हमले करने से अफगान क्षेत्र का उपयोग करने से रोके।

## 505 दिनों तक कोविड-19 से संक्रमित रहा मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रहे ब्रिटेन में बेहद कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाला एक मरीज लगभग डेढ़ साल तक महामारी से संक्रमित रहा था। वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी है। हालांकि अभी यह कहा नहीं जा सकता है कि क्या यह सबसे लंबे वक्त तक कोविड–19 से संक्रमित रहने का मामला है क्योंकि सभी लोगों के संक्रमण की जांच नहीं की गई। गायज एंड सेंट थॉमस के एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. ल्यूक ब्लैगडन स्नेल ने कहा कि लेकिन 505 दिन होने पर 'यह निश्चित तौर पर सबसे लंबे समय तक संक्रमण का मामला लगता है।' स्नेल के दल की इस सप्ताहांत पुर्तगाल में संक्रामक रोगों की बैठक में कोविड–19 से लगातार संक्रमित रहे कई मामलों को पेश करने की योजना है। उनके अध्ययन में यह पता लगाया गया है कि लंबे समय तक संक्रमित रहे मरीजों में कौन से उत्परिवर्तन (म्यूटेशंस) होते हैं और क्या संक्रमण के नये प्रकार पैदा होते हैं।